# केन्द्रीय विद्यालय संगठन, जयपुर संभाग
# सत्रांत परीक्षा : 2025-26 (अभ्यास प्रश्न पत्र)
## कक्षा : छठी
## विषय : हिन्दी

**समय - 2 घंटा 30 मिनट** **पूर्णांक - 60**

---

**सामान्य निर्देश -**

- **सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।**
- **यथासंभव प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए।**
- **प्रत्येक प्रश्न के अंक सामने अंकित है।**

| | | |
|---|---|---|
| | **अपठित गद्यांश** | |
| **प्रश्न 1** | **नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए -** | **5** |
| | पेड़-पौधे प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं। वे न केवल वातावरण को सुंदर बनाते हैं, बल्कि हमारे जीवन को भी सुरक्षित रखते हैं। पेड़ हमें शुद्ध वायु देते हैं, जिससे हम स्वस्थ रहते हैं। इसके अलावा पेड़ों से हमें फल, फूल, लकड़ी, औषधियाँ और छाया प्राप्त होती है। गर्मी के मौसम में पेड़ यात्रियों और पशु-पक्षियों को आराम देते हैं। वर्षा के समय पेड़ मिट्टी को बहने से रोकते हैं और जल को भूमि में समाहित करने में सहायता करते हैं। आजकल बढ़ती जनसंख्या और विकास के कारण बड़ी संख्या में पेड़ काटे जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। प्रदूषण बढ़ रहा है और जलवायु में परिवर्तन दिखाई दे रहा है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अधिक से अधिक पेड़ लगाए और उनकी रक्षा करे। | |
| **(क)** | **पेड़ हमें कौन-सी वायु प्रदान करते हैं?**<br>(क) दूषित (ख) ठंडी (ग) शुद्ध (घ) गर्म | 1 |
| **(ख)** | **पेड़ वर्षा के समय क्या रोकते हैं?**<br>(क) हवा (ख) मिट्टी का कटाव (ग) बादल (घ) धूप | 1 |
| **(ग)** | **पेड़ काटने से क्या बढ़ रहा है?**<br>(क) खुशी (ख) प्रदूषण (ग) हरियाली (घ) स्वास्थ्य | 1 |
| **(घ)** | **पेड़ों की रक्षा करना किसका कर्तव्य है?**<br>(क) केवल सरकार का (ख) बच्चों का (ग) प्रत्येक व्यक्ति का (घ) किसानों का | 1 |
| **(ड़)** | **पेड़ों की कटाई से क्या हो रहा है?**<br>(क) पर्यावरण संतुलित (ख) हरियाली बढ़ रही है<br>(ग) पर्यावरण असंतुलित (घ) वर्षा बढ़ रही है | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **अपठित पद्यांश** | |
| **प्रश्न 2** | **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए -** | **5** |
| | प्रभात हुआ, सूरज मुस्काया,<br>किरणों ने जग को फिर जगाया।<br>चिड़ियाँ बोलीं मधुर गीत,<br>फूलों ने खोलीं रंगीन प्रीत।<br><br>नव जीवन का संदेश मिला,<br>आशा का दीपक फिर से जला।<br>मेहनत करने की यह घड़ी,<br>आलस छोड़ो, बढ़ो तुम सभी। | |
| **(क)** | **प्रभात होने पर क्या मुस्काया?**<br>(क) चाँद (ख) सूरज (ग) तारे (घ) बादल | 1 |
| **(ख)** | **किरणों ने क्या किया?**<br>(क) सोने दिया (ख) जग को जगाया (ग) अंधेरा बढ़ाया (घ) वर्षा कराई | 1 |
| **(ग)** | **चिड़ियाँ कैसी गीत गा रही थीं?**<br>(क) दुखद (ख) मधुर (ग) धीमे (घ) क्रोधित | 1 |
| **(घ)** | **कवि किसे छोड़ने की बात कर रहा है?**<br>(क) परिश्रम (ख) आशा (ग) आलस (घ) समय | 1 |
| **(ड़)** | **पद्यांश में किसका संदेश मिला है?**<br>(क) विश्राम का (ख) डर का (ग) नव जीवन का (घ) खेल का | 1 |
| | **पठित गद्यांश** | |
| **प्रश्न 3** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए -** | **5** |
| | प्रकाश ही जीवन का मूलमंत्र है। सूर्य - किरण का स्पर्श पाकर ही पेड़ पल्लवित होता है। पेड़-पौधों के रेशे रेशे में सूरज की किरणें आबद्ध हैं। ईंधन को जलाने पर जो प्रकाश व ताप बाहर प्रकट होता है, वह सूर्य की ही ऊर्जा है। पेड़-पौधे व समस्त हरियाली प्रकाश हथियाने के जाल हैं। पशु-डाँगर पेड़-पौधे या हरियाली खाकर अपने प्राणों का निर्वाह करते हैं। पेड़-पौधों में जो सूर्य का प्रकाश समाहित है वह इसी तरह जंतुओं के शरीर में प्रवेश करता है। अनाज व सब्ज़ी न खाने पर हम भी बच नहीं सकते हैं। सोचकर देखा जाए तो हम भी प्रकाश की खुराक पाने पर ही जीवित हैं। | |
| **(क)** | **यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?**<br>(क) सत्रिया और बिहू नृत्य से (ख) पेड़ की बात से<br>(ग) हिंद महासागर में छोटा-सा हिन्दुस्तान से (घ) परीक्षा से | **1** |
| **(ख)** | **इस गद्यांश के लेखक कौन हैं ?**<br>(क) जया मेहता (ख) जगदीशचंद्र बसु<br>(ग) रामधारी सिंह दिनकर (घ) प्रेमचंद | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **(ग)** | **पेड़ पल्लवित कैसे होता है?**<br>(क) वायु से (ख) मिट्टी से (ग) सूर्य किरण का स्पर्श पाकर (घ) नमी से | **1** |
| **(घ)** | **ईंधन जलने पर प्रकाश व ताप कहाँ से आता है?**<br>(क) लकड़ी गरम हो जाती है। (ख) उसमें सूर्य की ऊर्जा है।<br>(ग) लकड़ी नमी खो देती है। (घ) इनमें से कोई नहीं है। | **1** |
| **(ङ)** | **प्रकाश हथियाने का जाल कौन है?**<br>(क) मानव जाति (ख) पेड़-पौधे (ग) हरियाली (घ) पेड़-पौधे व हरियाली | **1** |
| | **पठित पद्यांश** | |
| **प्रश्न 4** | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए -** | **5** |
| | बढ़ते नद-सा वह लहर गया<br>वह गया गया फिर ठहर गया<br>विकराल बज्र-मय बादल-सा<br>अरि की सेना घहर गया \|<br>भाला गिर गया, गिरा निषंक,<br>हय- टापों से खन गया अंग ।<br>बैरी समाज रह गया दंग,<br>घोड़े का ऐसा देख रंग। | |
| **(क)** | **यह पद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?**<br>(क) जलाते चलो से (ख) चेतक की वीरता से<br>(ग) हिंद महासागर में छोटा-सा हिन्दुस्तान से (घ) मैया मैं नहीं माखन खायो | **1** |
| **(ख)** | **इस पद्यांश के लेखक कौन हैं ?**<br>(क) सूरदास (ख) श्यामनारायण पाण्डेय (ग) रामधारी सिंह दिनकर (घ) कवि प्रदीप | **1** |
| **(ग)** | **किसकी टापों से दुश्मन पूरी तरह से घायल हो गए?**<br>(क) घोड़े की (ख) हाथी की (ग) बैलों की (घ) उपर्युक्त सभी | **1** |
| **(घ)** | **चेतन की वीरता का पराक्रम देखकर कौन दंग रह गए?**<br>(क) वैरी दल (ख) राणा प्रताप (ग) मित्र दल (घ) 'क' और 'ख'। | **1** |
| **(ङ)** | **'<u>अरि</u> की सेना घहर गया \|' इस पंक्ति में रेखांकित शब्द का क्या अर्थ है?**<br>(क) नदी (ख) जमीन (ग) दुश्मन (घ) राणा प्रताप | **1** |
| | **पाठ्यपुस्तक से प्रश्न** | |
| **प्रश्न 5** | **निम्नलिखित गद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **6** |
| (क) | "मॉरीशस की असली ताकत भारतीय लोग ही हैं"। "हिंद महासागर में छोटा-सा हिंदुस्तान" पाठ के आधार पर बताइए। | **2** |
| (ख) | बीज के अंकुरित होने में किस-किस का सहयोग मिलता है ? | **2** |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | पौधे अपना भोजन कैसे प्राप्त करते हैं? | 2 |
| (घ) | नेशनल पार्क और चिड़ियाघर में क्या अंतर है? लिखिए। | 2 |
| **प्रश्न 6** | **निम्नलिखित पद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | 4 |
| (क) | "चेतक की वीरता" कविता में चेतक की कौन-कौन सी विशेषताओं के बारे में बताया गया है? | 2 |
| (ख) | चेतक शत्रुओं की सेना पर किस प्रकार टूट पड़ता था ? | 2 |
| (ग) | 'चेतक की वीरता' कविता से हमें क्या सीख मिलती है? | 2 |
| | **व्याकरण** | |
| **प्रश्न 7** | **निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** | 10 |
| **(क)** | **निम्नलिखित शब्दों में से भाववाचक संज्ञा शब्द कौन सा है?**<br>(क) बचपन (ख) लड़की (ग) हिमालय (ग) विद्यालय | 1 |
| **(ख)** | **'कवि' शब्द का स्त्रीलिंग है-**<br>(क) कविता (ख) कवित्री (ग) कवियत्री (घ) कवयित्री | 1 |
| **(ग)** | **निम्न लिखित वाक्य में सही कारक चिन्ह भरिए-**<br>पिताजी........ सभी को उपहार दिए।<br>(क) को (ख) के लिए (ग) ने (घ) में | 1 |
| **(घ)** | **निम्नलिखित शब्दों में से सर्वनाम शब्द कौन-सा होगा ?**<br>(क) बालक (ख) पेड़ (iii) हम (घ) कहानी | 1 |
| **(ङ)** | "साधारण" शब्द के भीतर छिपे दो शब्द बताइए। | 1 |
| **(च)** | **नीचे दी गई कहावत का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए**<br>अधजल गगरी छलकत जाए | 1 |
| **(छ)** | **निम्नलिखित शब्दों में से कौनसा 'आकाश' शब्द समानार्थी नहीं है -**<br>(क) आसमान (ख) गगन (ग) नभ (घ) बादल | 1 |
| **(ज)** | **निम्नलिखित शब्दों में से 'निराला' का तुकांत शब्द कौन-सा नही है ?**<br>(क) पाला (ख) भाला (ग) करवाल (घ) माला | 1 |
| **(झ)** | **'गुण' शब्द का विपरीतार्थक शब्द कौन-सा है ?**<br>(क) अस्वस्थ (ख) अवगुण (ग) ठीक (घ) अगुण | 1 |
| **(ञ)** | **'आदर' शब्द का विपरीतार्थक शब्द कौन-सा है ?**<br>(क) निर्दयी (ख) अनादर (ग) दयावान (घ) अयोग्य | 1 |

<table>
<tr><td>प्रश्न 8</td><td>पाठ्य पुस्तक के पाठों पर आधारित कुछ पंक्तियां नीचे दी गई है उनके सही भावार्थ से मिलान कीजिए।
<table>
<tr><td>1. रक्तचाप</td><td>I. जीवन के लिए सूर्य का प्रकाश आधार शक्ति या महत्वपूर्ण है</td></tr>
<tr><td>2. देशांतर रेखा</td><td>II. साँस छोड़ने पर निकलने वाली कार्बन डाइऑक्साइड</td></tr>
<tr><td>3. अंगारक</td><td>III. रक्त वाहिनी यो अर्थात नसों में बहते हुए रक्त द्वारा उसकी दीवारों पर डाले गए दबाव का नाम है</td></tr>
<tr><td>4. प्रकाश ही जीवन का मूल मंत्र है</td><td>IV. यह ग्लोब पर उत्तर से दक्षिण की ओर खिंची जाने वाली काल्पनिक रेखाएं हैं यह उत्तरी ध्रुव को दक्षिणी ध्रुव से मिलती है</td></tr>
</table></td><td>4</td></tr>
<tr><td></td><td>रचनात्मक लेखन</td><td></td></tr>
<tr><td>प्रश्न 9</td><td>निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए<br>(क) अपने प्राचार्य महोदय को स्कूल की लाइब्रेरी में नई किताबें मंगवाने के लिए पत्र लिखिए।<br>अथवा<br>(ख) अपने मित्र को उसके जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते हुए पत्र लिखिए।</td><td>5</td></tr>
<tr><td>प्रश्न 10</td><td>किसी एक विषय पर 80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए ।<br>(क) खेलों का महत्व<br>(ख) मेरी पसंदीदा पुस्तक<br>(ग) वर्षा ऋतु</td><td>6</td></tr>
<tr><td>प्रश्न 11</td><td>(क) कुर्सी और मेज के बीच 80 शब्दों में संवाद लिखिए।<br>अथवा<br>(ख) फल विक्रेता और ग्राहक के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।</td><td>5</td></tr>
</table>

-------xx-------xx------